# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–09.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का बहुप्रतीक्षित खिताबी मुकाबला दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है । न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अब तक अपराजित रही है। भारत ने लीग चरण में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत के बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर रोमांचक जीत दर्ज की। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान और बांग्लादेश को हराकर लीग चरण में मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन अपने अंतिम लीग मैच में उसे भारत से हार का सामना करना पड़ा। बाद में न्यूजीलैंड ने शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह पक्की की। भारत ने इससे पहले वर्ष 2002 और 2013 में खिताब जीता था।

*********************

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा और ये 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होंगी और वर्ष 2024–25 के लिये अनुदान मांगों और विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी और मतदान होगा।

*********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी कल से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले यूएनसीएसडब्ल्यू के सत्र में शामिल होंगी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री महिलाओं के विकास के लिए भारत सरकार की पहल की जानकारी साझा करेंगी। मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ भारत सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल भी आयोग के उनहत्तरवें सत्र में भाग लेगा। यह सत्र कल से न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शुरू हो रहा है।

*********************

राज्य के सभी सदर अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों तथा विजन सेंटर्स पर आज विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इसके तहत लोगों को काला मोतिया के समुचित इलाज के लिए जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड की ओर से लोगों को ग्लूकोमा के प्रति जागरूक कर दृष्टिहीनता को रोकने की जानकारी दी जा रही है।

*********************

श्रम मंत्रालय ने ऑनलाइन माध्यम से किसी भी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–एबीपीएमजेवाई का लाभ उठाने के लिए ई–श्रम पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। एबी–पीएमजेवाई योजना देश के 31 हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है।

*********************

रांची में बीआईटी ओपी पुलिस ने हथियार के साथ दो आरापियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक मकान में कुछ लोग हथियार और गोली के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ओपी प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

*********************

पलामू जिले के छतरपुर और हरिहरगंज में दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गये हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 युवकों की मौत हो गई है। शनिवार की दोपहर पांकी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक–एक युवकों की मौत हुई थी।

*********************

देवघर जिले के करौं, पथरोल, मधुपुर और सारठ थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सभी के पास से जब्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड, एटीएम कार्ड की जांच भी चल रही है। उधर देवघर डाबरग्राम चांदपुर स्थित विद्युत विभाग के स्टोर में अचानक आग लग गई, जिस पर काबू पा लिय़ा गया है।

*********************

होली के पर्व को देखते हुए जे एस एल पी एस महिला सखी मंडल के द्वारा चतरा में संचालित पलाश मार्ट में हर्बल गुलाल बिक्री मेले का आयोजन किया गया है।

*********************

गढ़वा जिला के केतार और खरौंधी प्रखंड के क्षेत्रों में दो दिनों तक भालू का आतंक रहा लेकिन फिलहाल वन विभाग की मानें तो जंगली भालू यूपी की सीमा में प्रवेश कर लिया है. इसकी जानकारी देते हुए डीएफओ अंशुमान कुमार ने कहा कि यह भालू बिहार के कैमूर पहाड़ी से सोन नदी पार करते हुए गढ़वा जिले के सीमावर्ती इलाका केतार और खरौंधी में प्रवेश किया था

********** **समाप्त** **********